राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'राम जन्मभूमि' से संबंधित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करने का अनुरोध किया

पटना, 09 नवम्बर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'राम जन्मभूमि' को लेकर भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आज सुनाये गए फैसले का सम्मान करने की सभी बिहारवासियों और देशवासियों से अपील की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आज के फैसले को किसी भी पक्ष की हार या जीत के रूप में नहीं देखे जाने का अनुरोध करते हुए कहा है कि देश की राष्ट्रीय एकता और सद्भावना तथा सामाजिक सौहार्द और भाईचारा की भावना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, जिसके लिए सबको दृढ़संकल्पित रहना चाहिए।

....